University in News on 14 July 2025

i-NEXT PAGE 2,5

पीजी एंट्रेंस के लिए एडमिट कार्ड जारी

एलयू पीजी एंट्रेंस के लिए डाउनलोड करें एडमिट कार्ड

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (13 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज में एडमिशन के लिए 17, 18, 19 जुलाई को होने वाले एंट्रेंस एग्जाम के लिए यूनिवर्सिटी की तरफ से एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं. स्टूडेंट्स अपनी लॉगइन आईडी का यूज करके यूनिवर्सिटी की वेबसाइट के जरिए समर्थ पोर्टल से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं. इसके साथ ही एडमिट कार्ड पर दी गई गाइडलाइंस

को ध्यान से पढ़ लें ताकि किसी तरह की गलती की परेशानी का सामना ना करना पड़े.

पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार ने गिफ्ट की किताबें

वहीं दूसरी तरफ, उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार ने लखनऊ यूनिवर्सिटी की टैगोर लाइब्रेरी को 227 नई किताबें गिफ्ट की हैं. जिसमें भारतीय इतिहास, भारतीय सेना की गौरवगाथा, साइबर क्राइम एवं विभिन्न अपराध, यूपी पुलिस रेगुलेशन, प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत प्रशासकों के अनुभव से संबधित किताबें शामिल हैं. इन किताबों से रिसर्च स्कॉलर्स और सिविल सर्विसेज एस्पिरेंट्स को हेल्प मिलेगी. एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय नें भी उनके इस कदम की सराहना की.

एलयू में न्यूरोबायोकेमिस्ट्री की पढ़ाई

बायोकेमिस्ट्री डिपार्टमेंट में पढ़ाया जाएगा नया पेपर

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (13 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी कोर्सेज को लगातार अपग्रेड कर रही है. इसी प्रोसेस में यूनिवर्सिटी के बायोकेमिस्ट्री डिपार्टमेंट में इस सेशन से न्यूरोबायोकेमिस्ट्री का पेपर भी स्टूडेंट्स को पढ़ाया जाएगा. इस पेपर को एमएससी वन ईयर और टू ईयर दोनों के स्टूडेंट्स को पढ़ाया जाएगा. बायोकेमिस्ट्री डिपार्टमेंट के हेड प्रो. सुधीर मेहरोत्रा ने बताया कि कोर्स में न्यूरोबायोकेमिस्ट्री को एड करने का मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स को बेहतरी और अपग्रेडेशन की ओर ले जाना है. इस पेपर के अंतर्गत स्टूडेंट्स को

75%
मार्क्स अनिवार्य है स्टूडेंट्स के फोर ईयर ग्रेजुएशन में

फैकल्टीज की संख्या हुई पूरी

बायोकेमिस्ट्री में इस साल चार नई फैकल्टीज शामिल हो गई हैं और अब कुल 11 फैकल्टीज डिपार्टमेंट में है, जो स्टूडेंट्स की स्किल्स और रिसर्च पर फोकस करेंगी.

न्यूरो साइंस, उससे रिलेटेड थ्योरीज, रिसर्चेज के बारे में सीखने को मिलेगा, जिससे वो नए आइडियाज और रिसर्च थ्योरीज डेवलप करेंगे.

एक साल का मास्टर्स

बायोकेमिस्ट्री डिपार्टमेंट में भी एनईपी के तहत एक साल का मास्टर्स कोर्स इस सेशन से शुरू किया जा रहा है. जिसमें शामिल होने के लिए स्टूडेंट्स का फोर ईयर ग्रेजुएशन में मिनिमम 75 परसेंट मार्क्स होना अनिवार्य है. इसके साथ ही टू ईयर कोर्स में भी स्टूडेंट्स की संख्या अच्छी है, जो बायोकेमिस्ट्री के प्रति स्टूडेंट्स के इंटरेस्ट को दिखाता है.

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू: 22 कोर्सों में प्रवेश कार्ड जारी

लखनऊ। एलयू में 22 कोर्सों की प्रवेश परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी किया गया है। 17 से 19 के बीच होने वाली प्रवेश परीक्षाओं का एडमिट कार्य अभ्यर्थी सोमवार से डाउनलोड कर सकेंगे। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव की ओर से सूचना जारी कर दी।

उन्होंने बताया कि पूर्व में दिए लॉग इन और पासवर्ड के जरिए अभ्यर्थी रविवार से विवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in के समर्थ पोर्टल से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने परेशानी से बचने के लिए निर्देशों को सावधानी से पढ़ने को कहा है।

पूर्व डीजीपी ने एलयू की टैगोर लाइब्रेरी को दीं 227 पुस्तकें

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय की टैगोर लाइब्रेरी को यूपी के पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने 227 पुस्तकें उपहार स्वरूप दीं। इनमें वे पुस्तकें भी शामिल हैं जिन्हें पूर्व डीजीपी ने अपने छात्र जीवन में पढ़ा था। उपहार स्वरूप पुस्तकों में भारतीय इतिहास एवं साहित्य, भारतीय जनजाति की संस्कृति, भारतीय सेना की वीरगाथा, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरु और रवींद्रनाथ टैगोर का योगदान एवं उनके विचार, ज्योतिष शास्त्र एवं हस्तरेखा शास्त्र शामिल है।

साइबर क्राइम एवं विविध अपराध अधिनियम, उत्तर प्रदेश पुलिस रेगुलेशन, संचार के सिद्धान्त,

पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार ने अपने छात्र जीवन में पढ़ी पुस्तकें भी दीं

प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत प्रशासकों के अनुभव, भारत और विश्व के अंतरराष्ट्रीय संबंध, देश-विदेश के महापुरुषों की जीवनी पर आधारित अनेक पुस्तकों व उपन्यास भी हैं।

एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार का यह कदम अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

शोधार्थी निर्माण कार्यक्रम में चयनित

लखनऊ। एलयू के भूविज्ञान विभाग की शोध छात्रा अंकिता का चयन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रायोजित कार्यक्रम तीन-सप्ताहीय क्षमता निर्माण में हुआ है। इस कार्यक्रम आयोजन कश्मीर विवि व पश्चिमी हिमालय में स्थित ग्लेशियर अध्ययन केंद्र की ओर से किया जा रहा है। अंकिता एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनीत कुमार की देखरेख में पीएचडी कर रही हैं।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

ग्लेशियरों पर शोध के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की अंकिता का चयन

लखनऊ। पश्चिमी हिमालय के हिमनदों व जलवायु परिवर्तन पर इनकी प्रतिक्रिया के अध्ययन के लिए देशभर से चुने गए 20 शोधार्थियों में

लखनऊ विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग की शोधार्थी अंकिता कुमारी का भी चयन हुआ है। लखनऊ विवि के लिए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि है। लखनऊ निवासी अंकिता भूविज्ञान विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनीत कुमार के निर्देशन में शोध कर रही हैं। देश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से प्रायोजित तीन-सप्ताह के इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन कश्मीर विश्वविद्यालय की ओर से पश्चिमी हिमालय में स्थित ग्लेशियर अध्ययन केंद्र की अगुआई में किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम मचोई हिमनद, द्रास उप-नदी क्षेत्र, पश्चिमी हिमालय में किया जा रहा है, जो सोनमर्ग से करीब 26 किलोमीटर दूर है। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : प्रवेश पत्र जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक के कुल 22 कोर्स के लिए सत्र 2025-26 की प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र रविवार को जारी कर दिए हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि पूर्व में दिए गए लॉगइन आई-डी, पासवर्ड का इस्तेमाल करके www.lkouniv.ac.in के समर्थ पोर्टल से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। (माई सिटी रिपोर्टर)

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : एडमिट कार्ड जारी, पीजी प्रवेश परीक्षा 17 से, सूचना जारी

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक प्रवेश परीक्षाएं 17 जुलाई से शुरू होंगी। इसके लिए 17 से 19 जुलाई तक होने वाली 22 कोर्सों में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड सोमवार को जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थी पूर्व में दिए गए लाग इन आइडी, पासवर्ड का प्रयोग कर इसे लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के समर्थ पोर्टल से डाउनलोड कर सकेंगे।

प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि एडमिट कार्ड पर लिखे निर्देशों को अभ्यर्थी सावधानीपूर्वक पढ़ लें, जिससे प्रवेश परीक्षा देने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि पूरी प्रवेश परीक्षाएं 17 से 23 जुलाई तक होंगी।

आज से नए सत्र की शुरुआत : लवि में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोमवार से नए सत्र 2025-26 की शुरुआत होगी। इसको लेकर लगभग सभी विभाग स्नातक तीसरे, पांचवें, स्नातवें, परास्नातक तीसरे सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू करने के लिए समय सारिणी जारी कर चुके हैं। ऐसे में पहले ही दिन से कक्षाएं शुरू हो जाएंगी।

वनस्पति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना ने बताया कि विश्वविद्यालय खुलने के पहले दिन से ही सुबह 9.30 बजे से कक्षा शुरू संचालित होगी। जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम सेयजुद्दीन ने बताया कि सोमवार से स्नातक तीसरे, पांचवें और परास्नातक तीसरे सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू होंगी। पहले दिन सुबह 7.30 बजे प्रैक्टिकल क्लास से होगी। वाणिज्य संकाय की अधिष्ठाता प्रोफेसर अर्चना सिंह ने भी बी.काम एनईपी तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की कक्षाएं सोमवार से शुरू किए जाने की समय सारिणी जारी कर दी है। विवि विभाग के अध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने बताया कि उनके यहां 14 जुलाई से कक्षाएं चलेंगी। इसकी समय सारिणी जारी हो चुकी है।

शोधार्थी अंकिता का चयन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के भू-विज्ञान विभाग की शोधार्थी अंकिता कुमारी का चयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन विद्यालय (हिमनद अध्ययन) के लिए हुआ है। इस कार्यक्रम का आयोजन कश्मीर विश्वविद्यालय की ओर से पश्चिमी हिमालय में स्थित ग्लेशियर अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में देशभर से केवल 20 शोधार्थियों का चयन किया गया है, जिसमें अंकिता भी शामिल हैं। अंकिता वर्तमान में डा. विनीत कुमार के निर्देशन में शोध कर रही हैं। (जास)

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार ने लविवि की टैगोर लाइब्रेरी को भेंट कीं 227 पुस्तकें

लखनऊ (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने लखनऊ विश्वविद्यालय की टैगोर लाइब्रेरी को 227 पुस्तकें उपहार स्वरूप प्रदान की हैं। इन पुस्तकों में वह पुस्तकें भी सम्मिलित है जिनसे उन्होंने अपने छात्र जीवन में पढ़ाई की थी।

प्रशान्त कुमार द्वारा भेंट की गई पुस्तकों में भारतीय इतिहास एवं साहित्य, भारतीय जनजाति की संस्कृति, भारतीय सेना की वीरगाथा, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और रवींद्रनाथ टैगोर का योगदान एवं उनके विचार, जवाहरलाल नेहरू के कार्य, ज्योतिष शास्त्र एवं हस्तरेखा शास्त्र, साइबर क्राइम एवं विविध अपराध अधिनियम, उत्तर प्रदेश पुलिस रेगुलेशन, संचार के सिद्धान्त, प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत प्रशासकों के अनुभव, भारत और विश्व के अंतरराष्ट्रीय सम्बन्ध, देश एवं विदेश के महापुरुषों की जीवनी पर आधारित विभिन्न पुस्तकों के साथ-साथ विभिन्न हिन्दी साहित्य के लेखकों के उपन्यास भी सम्मिलित हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर पुस्तकालय में इन पुस्तकों से उन विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को विशेष लाभ पहुंचेगा जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इस दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि प्रशांत कुमार का यह कदम अन्य प्रशासनिक एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिए प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा तथा हमें उम्मीद है कि अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी इससे प्रेरित होकर लखनऊ विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी के लिए पुस्तकें अवश्य प्रदान करेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार प्रशांत कुमार के इस कदम की सराहना करता है और उनका आभार व्यक्त करता है।

हिमनद अध्ययन को चयनित हुई लविवि के भूविज्ञान विभाग की शोधार्थी अंकिता

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डा. विनीत कुमार के निर्देशन में शोध कर रही पीएच.डी. छात्रा अंकिता कुमारी का चयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार से प्रायोजित तीन-सप्ताहीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के लिए किया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन कश्मीर विश्वविद्यालय के तत्वावधान में पश्चिमी हिमालय में स्थित ग्लेशियर अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में किया जा रहा है। डा. विनीत कुमार, जो पिछले एक दशक से अधिक समय से हिमालयी क्षेत्र में स्थित हिमनदों का अध्ययन कर रहे हैं तथा उनके बहुत सारे शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशनो में प्रकाशित है। इस कार्यक्रम के लिए देशभर से केवल 20 शोधार्थियों का चयन किया गया है, जिसमें अंकिता कुमारी का चयन लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए एक उपलब्धि है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मचोई हिमनद, द्रास उप-नदी क्षेत्र, पश्चिमी हिमालय में आयोजित किया जा रहा है, जो सोनामार्ग से लगभग 26 किलोमीटर दूर स्थित है।

लविवि में 22 कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश पत्र जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 22 कोर्सों की प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी किया गया है। 17 से 19 जुलाई के मध्य होने वाली प्रवेश परीक्षाओं का प्रवेश पत्र अभ्यर्थी सोमवार से डाउनलोड कर सकेंगे। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव की ओर से सूचना जारी कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि पूर्व में दिए गए लॉग इन आईडी तथा पासवर्ड के जरिए अभ्यर्थी रविवार से विवि की आधिकारिक वेबसाइट के समर्थ पोर्टल से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। एनथ्रोपोलॉजी (एमए, एमएससी), बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, बीपीएड सहित 22 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश पत्र जारी किया गया है।

AMRIT VICHAR PAGE 7

अब मोबाइल में होगा लखनऊ विश्वविद्यालय का पुस्तकालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ई-बुक्स में विभिन्न विषयों की पुस्तकें होंगी उपलब्ध
- पुस्तक चोरी रोकने के लिए एंटी थेफ्ट सिस्टम लगाया जाएगा

पुस्तक चोरी से बचने के लिए एंटी थेफ्ट सिस्टम लगेगा

पुस्तकालय की सुरक्षा बढ़ाने के लिए और पुस्तकों के आदान-प्रदान को व्यवस्थित बनाने के लिए सेल्फ-इश्यू और सेल्फ-रिटर्न मशीनों के साथ एक एंटी-थेफ्ट सिस्टम भी स्थापित करने की तैयारी है।

देशी-विदेशी समाचार पत्र ऑनलाइन होंगे उपलब्ध

टैगोर पुस्तकालय के वेबपेज के माध्यम से प्रेस रीडर तक छात्रों की पहुंच होगी। जिसमें द गार्जियन, द न्यूयॉर्क टाइम्स, द वाशिंगटन पोस्ट, एलपाइस और द बोस्टन ग्लोब जैसे समाचार पत्र और पत्रिकाओं की एक विस्तृत श्रृंखला छात्रों को उपलब्ध होगी। इसके अलावा ई-बुक्स में वनस्पति विज्ञान, गणित, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी भाषाविज्ञान, कानून, जैव रसायन और कंप्यूटर विज्ञान की पुस्तकें उपलब्ध होंगी।

सुप्रीम कोर्ट के मामले भी होंगे उपलब्ध

कानून के छात्रों के लिए पुस्तकालय सुप्रीम कोर्ट केस ऑनलाइन तक पहुंच प्रदान करेगा। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के विस्तृत मामले के आंकड़े, केस स्टडी, मॉक ट्रायल के लिए तैयारी सामग्री और कानूनी अनुसंधान और प्रशिक्षण आदि उपलब्ध होगा।

पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार ने दान की अपनी पुस्तकें

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने लखनऊ विश्वविद्यालय की टैगोर लाइब्रेरी को 227 पुस्तकें उपहार स्वरूप दीं हैं। इनमें वह पुस्तकें भी सम्मिलित हैं जिनसे उन्होंने छात्र जीवन में पढ़ाई की थी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि प्रशांत का यह कदम अन्य प्रशासनिक व वरिष्ठ अधिकारियों के लिए प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा तथा हमें उम्मीद है कि अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी इससे प्रेरित होंगे। प्रशान्त द्वारा भेंट की गई पुस्तकों में भारतीय इतिहास व साहित्य, भारतीय जनजाति की संस्कृति, भारतीय सेना की वीरगाथा, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरु, रवींद्रनाथ टैगोर का योगदान व उनके विचार, जवाहरलाल नेहरू के कार्य, ज्योतिष शास्त्र व हस्तरेखा शास्त्र, साइबर क्राइम एवं विविध अपराध अधिनियम, उत्तर प्रदेश पुलिस रेगुलेशन, संचार के सिद्धान्त, प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत प्रशासकों के अनुभव, भारत और विश्व के अंतरराष्ट्रीय सम्बन्ध, देश एवं विदेश के महापुरुषों की जीवनी पर आधारित विभिन्न पुस्तकों के साथ-साथ विभिन्न हिन्दी साहित्य के लेखकों के उपन्यास भी सम्मिलित हैं।

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय का टैगोर पुस्तकालय आगामी शैक्षणिक सत्र में अपना समर्पित ऐप लॉन्च करने जा रहा है, जिसका उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के लिए पुस्तकालय सेवाओं को अधिक सुव्यवस्थित और सुलभ बनाना है। यह ऐप उपयोगकर्ताओं को कहीं से भी कैटलॉग ब्राउज करने, किताबें आरक्षित करने, ऋण नवीनीकृत करने और ई-संसाधनों तक पहुंचने की सुविधा देगा, जिससे पुस्तकालय उनकी जेब में आ जाएगा। छात्रों के टेबलेट और मोबाइल में इस ऐप को डाउनलोड करने को प्रोत्साहित किया जाएगा। जिसमें पुस्तकों के अलावा, वीडियो लेक्चर भी शामिल होंगे।

टैगोर पुस्तकालय ऐप शैक्षणिक संसाधनों को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में कदम है। जिसमें छात्र-छात्राएं अपने फोन से पुस्तकालय गतिविधियों का प्रबंधन कर सकेंगे। चाहे वह किसी पुस्तक की उपलब्धता की जांच करना हो या किसी पुस्तक का नवीनीकरण करना हो। इसके अलावा डिजिटल सामग्री तक पहुंचना भी आसान हो जाएगा। इससे समय की बचत होगी और पुस्तकालय गए बिना ही विद्यार्थी इसका सदुपयोग कर सकते हैं।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

अंकिता कुमारी का हिमनद अध्ययन के लिए चयन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के भूविज्ञान विभाग में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनीत कुमार, जो पिछले एक दशक से अधिक समय से हिमालयी क्षेत्र में स्थित हिमनदों का गहन अध्ययन कर रहे हैं तथा उनके बहुत सारे शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशनो में प्रकाशित है डॉ विनीत कुमार के निर्देशन में शोध कर रही पीएच.डी. छात्रा अंकिता कुमारी का चयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तीन-सप्ताहीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम (कैपीसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम -समर स्कूल) के लिए किया गया है।

इस कार्यक्रम का आयोजन कश्मीर विश्वविद्यालय द्वारा पश्चिमी हिमालय में स्थित ग्लेशियर अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में किया जा रहा है।

इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए देशभर से केवल 20 शोधार्थियों का चयन किया गया है, जिसमें अंकिता कुमारी का चयन लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में भारतीय शोधकताओं की क्षमता का निर्माण करना है, जिससे वे हिमनद विज्ञान (गायकोलॉजी) के क्षेत्र में अंतःविषय अनुसंधान कर सकें और हिमनदों की गतिशीलता एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति उनकी प्रतिक्रिया को बेहतर ढंग से समझ सकें।

वह प्रशिक्षण कार्यक्रम मचोई हिमनद, द्रास उप-नदी क्षेत्र, पश्चिमी हिमालय में आयोजित किया जा रहा है, जो सोनामार्ग से लगभग 26 किलोमीटर दूर स्थित है। मचोई हिमनद, जिसकी औसत ऊँचाई लगभग 4600 मीटर (ए.एस.एल.) है यह उत्तरमुखी हिमनद, द्रास नदी का स्रोत है, जो आगे चलकर कारगिल के समीप सूरू नदी से मिलती है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत अंकिता कुमारी को हिमनद विज्ञान से संबंधित आधुनिक तकनीकों और उपकरणों के प्रयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जाएगा, जो उनके शोधकार्य में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

पूर्व डीजीपी प्रशान्त कुमार ने लविवि की टैगोर लाइब्रेरी को 227 पुस्तकें उपहार में दीं

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्व डीजीपी प्रशान्त कुमार ने लविवि की टैगोर लाइब्रेरी को 227 पुस्तकें उपहार में दी। इन पुस्तकों में वह पुस्तकें भी सम्मिलित है जिनसे उन्होंने अपने छात्र जीवन में पढ़ाई की थी। प्रशान्त कुमार द्वारा भेंट की गई पुस्तकों में भारतीय इतिहास एवं साहित्य, भारतीय जनजाति की संस्कृति, भारतीय सेना की वीरगाथा, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, और रवींद्रनाथ टैगोर का योगदान एवं उनके विचार, जवाहरलाल नेहरू के कार्य, ज्योतिष शास्त्र एवं हस्तरेखा शास्त्र, साइबर क्राइम एवं विविध अपराध अधिनियम, उत्तर प्रदेश पुलिस रेगुलेशन, संचार के सिद्धान्त, प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत प्रशासकों के अनुभव, भारत और विश्व के अंतरराष्ट्रीय सम्बन्ध, देश एवं विदेश के महापुरुषों की जीवनी पर आधारित विभिन्न पुस्तकों के साथ-साथ विभिन्न हिन्दी साहित्य के लेखकों के उपन्यास भी सम्मिलित हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर पुस्तकालय में इन पुस्तकों से उन विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को विशेष लाभ पहुंचेगा जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि प्रशांत कुमार का यह कदम अन्य प्रशासनिक एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिए प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा तथा हमें उम्मीद है कि अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी इससे प्रेरित होकर लखनऊ विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी के लिए पुस्तकें अवश्य प्रदान करेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार श्री प्रशांत कुमार के इस कदम की अत्यंत सराहना करता है और उनका आभार व्यक्त करता है।

HT PAGE 3

FORMER DGP GIFTS 200 BOOKS TO TAGORE LIBRARY

Prashant Kumar FILE

LUCKNOW : Former director general of police, UP Prashant Kumar has gifted 227 books to the Tagore Library of the Lucknow University. These books also include the books from which he had studied during his student life.

These books would be of special benefit to those students and researchers who are preparing for various competitive examinations, said vice chancellor Lucknow University Prof Alok Kumar Rai.

He said that this step of Prashant Kumar will inspire other serving and former retired officers who will definitely come forward and provide books for the library of Lucknow University. The Lucknow University family highly appreciates this step of Prashant Kumar and expresses its gratitude to him, Prof Rai said.

The books donated by Prashant Kumar include Indian history and literature, culture of Indian tribes, heroic tales of the Indian army, contribution and thoughts of Mahatma Gandhi, Jawaharlal Nehru, and Rabindranath Tagore, works of Jawaharlal Nehru, astrology and palmistry, cyber crime and miscellaneous crimes act, Uttar Pradesh Police Regulation, principles of communication, experiences of administrators working in administrative services, and international relations of India and the world. HTC

भूविज्ञान विभाग की शोधार्थी अंकिता हिमनद का करेंगी अध्ययन

अंकिता कुमारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग की शोधार्थी अंकिता कुमारी हिमनदों का अध्ययन करने के लिए चयनित की गई हैं। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनीत कुमार के निर्देशन में पीएचडी कर रहीं अंकिता का चयन केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रायोजित तीन सप्ताहीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के लिए किया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन कश्मीर विश्वविद्यालय द्वारा पश्चिमी हिमालय में स्थित ग्लेशियर अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में किया जा रहा है। इसके लिए देशभर से केवल 20 शोधार्थियों का चयन किया गया है, जिसमें अंकिता कुमारी का चयन लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मचोई हिमनद, द्रास उप-नदी क्षेत्र, पश्चिमी हिमालय में आयोजित किया जा रहा है, जो सोनामार्ग से लगभग 26 किलोमीटर दूर स्थित है। मचोई हिमनद, जिसकी औसत ऊँचाई लगभग 4600 मीटर है। यह उत्तरमुखी हिमनद, द्रास नदी का स्रोत है, जो आगे चलकर कारगिल के समीप सूरू नदी से मिलती है।

शिक्षा | विश्वविद्यालय और एल्सवियर की साझेदारी 30 से होगी शुरू

वैश्विक शोध को लविवि ने किया एल्सवियर के साथ समझौता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केंद्र सरकार के ओएनओएस योजना के तहत होगी साझेदारी

क्या होगा साझेदारी से

साइंसडायरेक्ट एआई एक जेनरेटिव एआई टूल है जिससे शोधकर्ताओं तत्काल निष्कर्षण, संक्षेपण और लाखों लेखों और पुस्तकों से महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि को तुरंत निकाल सकते हैं उसका संक्षेप और तुलना भी कर सकते हैं। उद्धरणों और मूल स्रोत सामग्री के लिंक भी उपलब्ध होते हैं, यहां तक कि प्रतिक्रिया के लिए उपयोग किए गए मार्ग की पहचान भी करती है। किसी विशिष्ट लेख या पुस्तक अध्याय के साथ चैट कर सकते हैं, अनुवर्ती प्रश्न पूछ सकते हैं और इसे सहेज सकते हैं।

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय और दुनिया के विख्यात वैज्ञानिक साहित्य प्रकाशक एल्सवियर की संयुक्त साझेदारी में शोधकार्यों को बढ़ावा दिया जाएगा। विश्वविद्यालय इस नई साझेदारी के माध्यम से अपनी अनुसंधान क्षमताओं को उन्नत करने जा रहा है।

अब विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं को साइंस डायरेक्ट एआई तक पहुंच मिल जाएगी, जो वैज्ञानिक तथ्यों की खोज को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया अत्याधुनिक उपकरण है। यह पहल केंद्र सरकार की वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) के अंतर्गत की गई है। जिसका उद्देश्य पूरे देश में उच्च गुणवत्ता वाले अकादमिक संसाधनों तक पहुंच को सुलभ बनाना है।

लखनऊ विश्वविद्यालय जनवरी 2024 में ओएनओएस योजना में शामिल हुआ था। जिसके बाद विश्वविद्यालय ने संसाधनों के उपयोग में वृद्धि की है। एल्सवियर की ओर से साझा किए आंकड़ों के अनुसार विश्वविद्यालय ने पहले पांच महीनों में 2,909 डाउनलोड दर्ज किए। मई 2025 तक संचयी डाउनलोड बढ़कर 25,637 हो गए, जो 781.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में सबसे अधिक है।

कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय ने कहा कि यह सहयोग एक जीवंत अनुसंधान वातावरण को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डाउनलोड में वृद्धि गुणवत्तापूर्ण ज्ञान के लिए हमारे विद्वानों की शैक्षिक भूख और अत्याधुनिक वैश्विक अनुसंधान से जुड़ने की उनकी तत्परता को दर्शाती है।

लविवि में आज से नए सत्र में पठनपाठन होगा शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र का आरंभ 14 जुलाई से होने जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं और छात्रों का स्वागत करने के लिए तैयार है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी परिसर में शान्ति, सुव्यवस्था एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है कि शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी अपने वाहन केवल निर्धारित वाहन स्टैण्ड पर ही खड़ा करें और उसके पश्चात परिसर में पैदल प्रवेश करें।

छात्र-छात्राओं को परिसर में वाहन सहित प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्हें अपने दो पहिया वाहन द्वार संख्या 1, परीक्षा भवन के पीछे, द्वार संख्या 3 (विवेकानन्द द्वार) के दाहिनी ओर तथा द्वार संख्या 4 के समीप खड़े करने होंगे। चार पहिया वाहन विवेकानन्द द्वार के बाईं ओर द्वार संख्या 2 तथा द्वार संख्या 7 के पास पार्क करने होंगे। कोई भी छात्र यदि परिसर में अनधिकृत रूप से वाहन सहित प्रवेश करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध दण्डात्मक, विधिक कार्यवाही की जाएगी।